तापस बेष बिसेषि उदासी। चौदह बरिस रामु बनबासी।।
जौं पितु मातु कहेउ बन जाना। तौं कानन सत अवध समाना।।
| Ram Katha 930 - मानस वनवास || Shravasti - UP || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 192 | इंदौर, शनिवार 20 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मध्यप्रदेश में कोल्ड-डे कोहरा, पाला-सर्द हवाएं

## भोपाल में बूंदाबांदी, ग्वालियर में रिकॉर्ड 11.8 दिन का टेम्प्रेचर

### नौगांव, खजुराहो-सतना में भी कड़ाके की ठंड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं से पूरा मध्यप्रदेश ठिठुर गया है। भोपाल में शनिवार सुबह सर्द हवाएं चली और बूंदाबांदी हुई। ग्वालियर, छतरपुर, टीकमगढ़, सतना, गुना समेत आधे प्रदेश में कड़ाके की ठंड है। कोहरा छाने और पाला भी गिरने के आसार हैं। शुक्रवार को ग्वालियर में रिकॉर्ड 11.8 डिग्री तापमान रहा। छतरपुर जिले के नौगांव में 13.5 डिग्री और खजुराहो में टेम्प्रेचर 14 डिग्री रहा। टीकमगढ़ में 14 डिग्री और सतना में 15.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन शहरों में कोल्ड-डे रहा। यहां पर सर्द हवाएं चलने से लोग दिनभर ठिठुरते रहे।

मौसम केंद्र, भोपाल के वैज्ञानिक प्रकाश धावले ने बताया, प्रदेश में पिछले 24 घंटे में जबलपुर संभाग के कई जिलों में हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं, उत्तर-पूर्वी मप्र के छतरपुर के खजुराहो, नौगांव, भिंड, मुरैना, गुना जिलों में शीतलहर भी चली। उत्तर-पश्चिमी के कई जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति रही। यहां पर जेट स्ट्रीम की हवा की रफ्तार 130 से 140 किमी प्रति घंटा है। इसके अलावा ट्रफ लाइन कर्नाटक से विदर्भ की ओर जा रही है। इससे हल्की बारिश भी हो रही है। शनिवार को भी ग्वालियर समेत कई जिलों में कोहरा रहेगा। वहीं, दिन-रात में ठंड का असर भी देखने को मिलेगा।

### ◆ फसलों को नुकसान की आशंका

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में दिन के साथ रातें भी ठंडी हैं। गुरुवार-शुक्रवार की रात ग्वालियर में रिकॉर्ड 3.4 डिग्री पारा रहा था, जबकि नौगांव की रात सबसे ठंडी रही थी। टेम्प्रेचर 3 डिग्री पर पहुंच गया था। खजुराहो, सागर और गुना में रात का तापमान 5 डिग्री से कम रहा। यहां पाले की स्थिति रही। इससे फसलों को नुकसान होने की आशंका है। रात का तापमान पांच डिग्री से कम होने पर पाला गिरने का खतरा रहता है।

### ◆ भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 22 शहरों में ठंड

1. शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 22 शहरों में दिन का तापमान 25 डिग्री से कम रहा। भोपाल में 23.3 डिग्री, इंदौर में 23.7 डिग्री, जबलपुर में 20.4 डिग्री, उज्जैन में 24.8 डिग्री तापमान रहा।
2. रीवा में 17.4 डिग्री, दमोह में 19 डिग्री, सीधी में 19.2 डिग्री, पचमढ़ी में 21.4 डिग्री, सागर में 21.5 डिग्री, रायसेन-मंडला में 22.6 डिग्री, गुना में 23 डिग्री, धार में 23.1 डिग्री दर्ज किया गया।
3. शाजापुर में 24.1 डिग्री, बैतूल में 24.2 डिग्री, नर्मदापुरम में 24.4 डिग्री, छिंदवाड़ा में 24.7 डिग्री तापमान रहा। सबसे ज्यादा खरगोन में 27.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

# वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड की शॉर्टेज

## MP में 35 हजार से अधिक पेंडेंसी

### ◆ शनिवार-रविवार को भी होगी कार्ड की छपाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। नए वाहन और पुराने रिनुअल रजिस्ट्रेशन कार्ड को लेकर इन दिनों प्रदेश भर में आवेदक परेशान हैं। कार्ड की शॉर्टेज के चलते लगातार आवेदक आरटीओ के चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं। इसको लेकर आरटीओ भोपाल में इस सप्ताह छुट्टी के दिन भी कार्ड प्रिंट किए जाएंगे। परिवहन अधिकारियों की माने तो लगातार बढ़ रही पेंडेंसी को लेकर यह निर्णय लिया है। जिससे आवेदकों को राहत मिल सके। बता दें, प्रदेश भर में वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड की शॉर्टेज चल रही है, इसमें कुल 35 हजार से अधिक फाइलें पेंडिंग हैं। वहीं भोपाल में यह संख्या करीब 6 हजार है।**

**भोपाल में 10 दिन बाद सुधरी स्थिति-** भोपाल आरटीओ में 7 जनवरी से लगातार शार्टेज चल रही थी। जिसको लेकर करीब 5 हजार कार्ड पहुंचे। जिसके बाद आवेदकों को कार्ड बांटने की प्रकिया की जा रही है, हालांकि अभी भी करीब 6 हजार से अधिक पेंडेंसी भोपाल आरटीओ में बनी हुई है। बता दें कि सिर्फ भोपाल में रोजाना 800 से 1000 नए वाहन रजिस्ट्रेशन होते हैं।

गोविंदपुरा की रहने वाले रजनी वर्मा (परिवर्तित नाम) ने बताया कि मैंने करीब महीने भर पहले अपनी पुराने कार के रिन्युअल रजिस्ट्रेशन कार्ड के लिए अप्लाई किया था, मगर अभी तक मेरा कार्ड नहीं मिला है, कई दिनों से मैं लगातार एजेंट से बात भी कर रही हूं मगर वह कहना है कि अभी कार्ड नहीं आए हैं, जब आएंगे तो वह तुरंत ही दिलवा देगा। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से गाड़ी के रजिस्ट्रेशन कार्ड के लिए परेशान हो रही हैं। उन्हें कहा कि मुझे शुक्रवार शाम कार्ड देने की बात की थी, हालांकि एजेंट बोल तो रहा है देने का मगर अभी तक दिया नहीं है। पुराने भोपाल में फतेहगढ़ के रहने वाले ब्रजेश सिंह ने बताया कि हाल ही में उन्होंने नई कार खरीदी है, मगर उसका कार्ड नहीं मिला है, हम करीब दो महीने से इसका इंतजार कर रहे हैं। कई बार डीलर को बोल चुके हैं, मगर कार्ड नहीं मिल रहा है, हमने अपने परिचित हैं उनसे बात की थी, तब पता चला कि कार्ड की शॉर्टेज है, हालांकि कंपनी वाले लोग कह रहे हैं कि सोमवार को हमें कार्ड मिल जाएगा।

### कहां कितनी पेंडेंसी

| शहर | पेंडेंसी |
|---|---|
| भोपाल | 6 हजार से अधिक |
| इंदौर | 7 हजार से अधिक |
| जबलपुर | 5 हजार से अधिक |
| ग्वालियर | 4 हजार से अधिक |
| अन्य जिले | 13 हजार से अधिक |

### तीन दिन में दूर होगी समस्या

हमने इस मामले में संबंधित कंपनी स्मार्ट चिप को नोटिस दिया है, कि वह अगले तीन दिनों में व्यवस्था को दुरुस्त करें। हालांकि कई जिलों में कार्ड की दिक्कत दूर की जा चुकी है। चिप और विदआउट चिप दोनों की कार्ड जल्द ही सभी को उपलब्ध होंगे।

-अरविंद सक्सेना, प्रभारी परिवहन आयुक्त

# चलती बस में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक

## बस रोक यात्रियों की जान बचाई; खुद को नहीं बचा सके

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, रतलाम/जावरा।** रतलाम में एक ड्राइवर को बस में हार्ट अटैक आ गया। उसने बस रोककर यात्रियों की जान बचा दी, लेकिन खुद को नहीं बचा सका। ड्राइवर की मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह मंदसौर रोड की है। जानकारी के मुताबिक जफर मेव (50) निवासी मदीना मसजिद के पास शहर सराय क्षेत्र रतलाम बस ड्राइवर थे। शुक्रवार सुबह उनको चलती बस में सीने में दर्द उठा। उन्होंने सूझबूझ से तुरंत बस को रोड किनारे रोक दिया। जफर दर्द से कराहते हुए बेसुध होकर स्टेयरिंग पर गिर पड़े। साथी कंडक्टर दिलीप कुमार व अन्य लोगों ने जफर को तुरंत रतलाम सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## मंत्री विजयवर्गीय की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित ...

# इंदौर बायापास पर बनेगा फोरलेन सर्विस रोड

### बीआरटीएस पर जहां ज्यादा चौडाई है वहां पर संकरा करने दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में इंदौर नगर निगम के विभिन्न विभागो की सीटी बस आफिस में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगरीय आवास एवं विकास विभाग आयुक्त भरत यादव, एमपी हाउसिंग बोर्ड के एमडी चन्द्रमौली शुक्ला, कलेक्टर आशीष सिंह, आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, समस्त अपर आयुक्त, समस्त विभाग प्रमुख सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।**

मंत्री विजयवर्गीय द्वारा इंदौर के नगरीय निकाय के विभिन्न विभागो की जिनमें राजस्व विभाग, भवन अनुज्ञा के तहत टीडीआर नियमो में टीडीआर का उपयोग करने एवं ग्राउण्ड कवरेज बढाने के संबंध में निगम के प्रस्ताव पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इंदौर बाय पास के दोनो ओर फोरलेन सर्विस रोड का निर्माण करने पर चर्चा की गई, ताकि बायपास पर बढते यातायात दबाव को कम किया जा सके। इसके साथ ही भवन अनुज्ञा के विपरित भवनो के निर्माण हेतु कम्पाउंडिंग नियम के संबंध मे 10 से 30 प्रतिशत तक सीमा में कम्पाउडिंग किये जाने के संबंध में कि जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। निगम स्वामित्व की लीज भूमि, दुकानो के नामातंरण, फ्री होल्ड, नवीनीकरण करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई, जिस पर मंत्री जी द्वारा निगम के प्रस्ताव अनुसार नियमो में सरलीकरण करने के संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन को निर्देशित किया गया। साथ ही मान. मंत्री जी द्वारा बीआरटीएस के संबंध में भी समीक्षा करते हुए, बीआरटीएस पर कई स्थानो पर चौडाई अधिक होने से उसे कम करने के संबंध में तकनीकी सर्वे करने के निर्देश दिये गये, इसके लिये इण्डस्ट्रीयल चौराहे को आदर्श मानकर कार्य करने के लिये कहा गया।

मंत्री जी द्वारा कहा गया कि शहर में नर्मदा से पर्याप्त रूप से पानी की उपलब्धता हो रही है, किंतु वितरण के कारण पानी की समस्या रहती है, इसके लिये पेयजल टंकियों की वर्तमान स्थिति, जल संग्रहण क्षमता, पेयजल टंकी को पूर्ण क्षमता से भरने के साथ ही पूर्ण क्षमता से जलप्रदाय कार्य करने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। साथ ही नर्मदा से उज्जैनी में आ रहे पानी से शहर के देवगुराडिया एवं इसी प्रकार इंदौर-उज्जैन रोड की ओर समीप नर्मदा की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, फिल्टर स्टेशन बनाकर जलप्रदाय की व्यवस्था की जा सके, इस संबंध में सर्वे करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जलूद के महेश्वर हायडल पॉवर डेम में जल भराव करने पर इंदौर को मिलने वाले पानी की लागत तथा बिजली व्यय में कमी हो सकती है, इस संबंध में भी सर्वे करने के निर्देश दिये गये। मान. मंत्री जी द्वारा इंदौर के मास्टर प्लान की समस्त रोड का निर्माण हो, इसके लिये भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

. मंत्री जी द्वारा नर्मदा परियोजना, नगरीय निकायो तथा ग्राम पंचायतो से जलकर की बकाया राशि के भुगतान के संबंध में निराकरण करने के लिये आयुक्त निर्देश दिये गये, इसके साथ ही बषाकाल के दौरान शहर में जल जमाव की स्थिति के समाधान के लिये शहर के नक्शे का अध्ययन कर, ऐसे प्राकृतिक नाले जो वर्षाजल की निकासी कर कान्ह एवं सरस्वती नदी में मिलते है, ऐसे प्राकृतिक नाले अवरूद्ध हो गये है, उनको क्लीयर करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक के दौरान धार रोड चन्द्रशेखर आजाद चौराहे (चंदन नगर) से राज नगर, नगीन नगर होते हुए, मोहता बाग से एअरपोर्ट रोड तक एलिवेटेड रोड निर्माण करने हेतु तकनीकी सर्वे व प्रभावितो के विस्थापन के लिये कार्यवाही करने के साथ ही कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिये गये। साथ ही एलिवेटैड ब्रिज के लिये आवश्यक राशि उपलब्ध कराने के लिये आश्वस्त किया गया। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न कार्यो के साथ ही स्मार्ट सिटी के आय स्त्रोत, इंटीग्रेटैड टैफ्कि मेनेजमेंट सिस्टम, वल्लभ नगर मार्केट का पुनर्विकास कार्य, सोलर सीटी इंदौर, जलूद में 60 मेगावॉट क्षमता का सौर उर्जा संयंत्र के स्थापना, टैण्डर आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही नगर निगम इंदौर द्वारा जनकार्य विभाग व योजना शाखा के माध्यम से शहर में सडक निर्माण, मुख्यमंत्री अद्योसंरचना विकास योजना, इंदौर के लोक परिवहन, बस स्टॉप, स्थापना विभाग, निगम में उपायुक्त, सहायक आयुक्त के पदो कि स्थिति, दैनिक वेतन भागी कर्मचारियो की विनियमितिकरण, आईटी विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, लेखा शाखा विभाग के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। मान. मंत्री जी द्वारा एआईसीटीएसएल की समीक्षा के दौरान बस संचालन को लाभ में लाने के लिये कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। साथ ही मान. मंत्री जी द्वारा खेलो इंडिया के अंतर्गत इंदौर में खेल गतिविधियों को बढावा देने के लिये इंदौर में इंटीग्रेटेड स्पोर्टस कॉम्पलेक्स बनाने के संबंध में भी प्रेजेटेशन देखा गया तथा उक्त काम्पलेक्स के संबंध में जनप्रतिनिधियों के साथ ही विचार-विमर्श करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

समीक्षा बैठक के दौरान महापौर श्री भार्गव द्वारा एबीडी क्षेत्र में 500 फीट से कम के प्लॉट के नक्शा शुल्क कमी के संबंध में प्रस्ताव रखने पर मान. मंत्री जी द्वारा कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। साथ ही महापौर श्री भार्गव द्वारा बकाया जलकर की राशि की वसुली हेतु वन टाईम सेटलमेंट स्कीम के माध्यम से राशि लेने के संबंध में प्रस्तृत प्रस्ताव अनुसार बकाया जलकर राशि पर 50 प्रतिशत की छूट के संबंध में मान. मंत्री जी से अनुरोध किया गया, जिस पर मान. मंत्री जी द्वारा वन टाईम सेटलमेंट की मंजुरी प्रदान करने हेतु आयुक्त नगरीय प्रशासन को निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही महापौर जी द्वारा इंदौर शहर में सम्मिलित 29 गांवो में मूलभूत सुविधाओ के साथ ही बेहतर विकास के लिये मान. मंत्री जी से अतिरिक्त राशि की मांग करने पर मान. मंत्री जी द्वारा शासन के आगामी बजट में इसके लिये राशि प्रावधान करने के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया।

## ट्रेनों की सफाई करने वाले 120 से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर रेलवे स्टेशन के कोचिंग डिपो में ट्रेनों की सफाई करने वाले निजी एजेंसी के 120 से अधिक कर्मचारी शुक्रवार को हड़ताल पर चले गए। घंटों तक ट्रेनों का मेंटिनेंस नहीं हुआ। आखिरकार रेलवे ने बाहरी मजदूरों को बुलाकर ट्रेनों की सफाई कर रवाना किया। बता दे कि रतलाम मंडल ने इंदौर से चलने वाली ट्रेनों की साफ-सफाई का ठेका दिल्ली की ह्यूजेस एंड ह्यूजेस को दिया है। लेकिन कंपनी अपने कर्मचारी को न तय वेतन दे रही है और न ही उन्हें पीएफ और इएसआइ का फायदा मिल रहा है। इससे नाराज 120 से अधिक कर्मचारियों ने शुक्रवार सुबह ट्रेनों की सफाई का काम बंद कर दिया। इस दौरान पिटलाइन पर अवंतिका, अमृतसर, पुणे और रतलाम-बीना शटल मेंटनेंस के लिए खड़ी थी। दोपहर में रेलवे ने बाहर से मजदूर बुलवाएं और ट्रेनों की सफाई का काम शुरू हुआ।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन की 41वीं आईडीए एमपी स्टेट डेंटल कॉन्फ्रेंस शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की ओर से 41वीं आईडीए एमपी स्टेट डेंटल कॉन्फ्रेंस शनिवार से शुरू होने जा रही है। इससे पहले शुक्रवार को इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में प्री कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में पुणे से आए ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल सर्जन डॉ. जनेश रमेश कन्नूर टेरिगोएट और टिल्टेड इम्प्लांट के बारे में एमपी के अलग-अलग कॉलेजों से आए स्टूडेंट्स को जानकारी दी। इंडेक्स डेंटल कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ प्रोसथोडेन्सिस में हुई इस वर्कशॉप में डॉ कन्नूर ने बताया कि यह इम्प्लांट खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है, जिसके मुंह में पीछे के दांत नहीं है। ऐसी स्थिति में नार्मल इम्प्लांट नहीं लगाए जा सकते हैं। टेरिगोएट इम्प्लांट लगाकर इनके ऊपर परमानेंट दांत लगाए जाते हैं, जो कन्वेंशनल इम्प्लांट से ज्यादा ड्यूरेबल होते हैं। चूंकि मुंह के पीछे की ओर कई जटिल संरचनाएं होती है इसलिए इस इम्प्लांट को लगाने के लिए विशेष स्किल जरूरी होती है। बहुत कम ही डेंटिस्ट यह इम्प्लांट करते हैं और सेंट्रल इंडिया में पहली बार इसका लाइव डेमोस्ट्रेशन किया गया है।

### टूटे हुए दांतों को रिपेयर करने की दी ट्रेनिंग

वहीं दूसरी वर्कशॉप मॉर्डन डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित की गई, जिसमें बिहार के बुद्धा डेंटल कॉलेज से आए एमडीएस डॉ. चिकोय वांग ने स्टूडेंट्स को टूटे हुए दांतों को रिपेयर करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम्पोजिट आर्टिफिशियल मटेरियल है, जिसे टूटे हुए दांतों को रिपेयर करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। कम्पोजिट का शेड सबसे जरुरी होता है।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की एक और बड़ी कार्यवाही

# 10 लाख रुपए कीमत की मिलावटी गेंहू एवं आटा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार इंदौर जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला इन्दौर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर संजय अग्रवाल पिता कंजुलाल अग्रवाल की समता नगर, पालदा इन्दौर स्थित फर्म-एस कुमार एण्ड कंपनी का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परिसर में गेंहू में हल्की क्वालिटी के चावल मिलाकर आटे के निर्माण करते पाया गया। जिसके उपरांत मिलावटी गेंहू एवं आटा के नमूने लिये गये एवं शेष 300 क्विंटल मिलावटी गेंहू एवं 80 क्विंटल आटा, कुल कीमत 9 लाख 82 हजार को जब्त किया गया। परिसर में पाई गई अनियमित्ताओं के लिये खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 का नोटिस जारी किया गया।

दल द्वारा अन्य प्रतिष्ठानों एनएच 26 फूड्स, पत्थर मुण्डला रोड, पालदा एवं जे.के. न्यूट्री फूड्स, लसुड़िया मौरी, देवास नाका पर भी कार्यवाही की गई। एनएच 26 फूड्स से चॉकलेट पेस्ट, कुल्फी कोन एवं जे के न्यूट्री फूड्स से चोको कुल्फी, चॉकलेट फाईल्ड वेफर, रोन्चिबेला अम्ब्रेला कोन, कोको पावडर एवं माल्टोडेक्सटिन पावडर के नमूने लिये गये। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिये राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया।

### हाईकोर्ट में भी होगा ध्वजारोहण

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ इंदौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री एस.ए धर्माधिकारी सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा।

# लाइक्स-सब्सक्राइब का झांसा देकर युवती से 10.60 लाख ठगे

### टेलीग्राम ठगी, इंजीनियर की शिकायत पर साइबर सेल ने खाते फ्रीज कर आठ लाख लौटाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंजीनियर युवती साइबर अपराध का शिकार हो गई। लाइक्स-सब्सक्राइब के चक्कर में 10 लाख 60 हजार रुपये गंवा दिए। साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ लाख रुपये तो बचा लिए है। गिरोह के गुजरात-महाराष्ट्र के बैंक खातों की जांच भी की जा रही है। युवती के पिता मजदूरी करते है। उसने दोस्तों से रुपये उधार लिए थे।**

एसपी (साइबर) जितेंद्रसिंह के मुताबिक पिछले वर्ष 18 नवंबर को आइटी कंपनी में नौकरी करने वाली एक युवती ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई थी। युवती ने पुलिस को बताया कि ठग से टेलीग्राम एप के माध्यम से संपर्क हुआ था। आरोपितों ने लाइक्स-सब्सक्राइब और कमेंट्स करने पर कमीशन का झांसा दिया। युवती जाल में फंसती गई और युवती से निवेश के नाम पर ठगी शुरू कर दी। शुरुआत में उससे 80 हजार रुपये लिए गए।

#### चरणबद्ध तरीके से कराए पैसे जमा

लालच में युवती दोस्तों से रुपये लेकर ठग द्वारा बताए खातों में जमा करवाती गई। आरोपित ने चरणबद्ध तरीके से युवती से 10 लाख 60 हजार रुपये जमा करवा लिए। पुलिस ने तत्काल उन खातों को फ्रीज करवाया जिनमें युवती द्वारा रुपये जमा करवाए थे। पुलिस ने आठ लाख 500 रुपये युवती को लौटा दिए। जिन खातों में रुपये जमा हुए वो अहमदाबाद और नासिक के पाए गए है। पुलिस बैंक खातों की भी जांच कर रही है।

एसपी के मुताबिक युवती के पिता मजदूरी करते है। 10 लाख रुपये गंवाने से काफी दुखी थे। धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए सेल ने एडवाइजरी जारी की है। एसपी के मुताबिक टेलीग्राम टास्क के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी में ज्यादातर युवा ही शिकार हो रहे है। इसमें भी इंजीनियर की संख्या ज्यादा है। टेलीग्राम पर अनजान प्रोफाइल, चैनल, ग्रुप से नहीं जुड़ना चाहिए। क्रिप्टो करंसी में निवेश, शापिंग और जाब आफर्स के लालच में न फंसे।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### ◆परिजन बोले- पति से रोज होता था झगड़ा, डॉक्टर ने कहा- दो माह का था गर्भ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना छेत्र की वैष्णव कॉलोनी में किराए से रहने वाली नवविवाहिता (27) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहायक उपनिरीक्षक सोहन सिंह कायत ने जानकारी देते हुए बताया कि नवविवाहिता के पति प्रमोद शुक्ला ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी ने अपने कमरे में पंखे के एंगल से फांसी लगा ली है। डॉक्टर का कहना है कि महिला को दो महीने से ज्यादा का गर्भ था।**

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लाश को फंदे से नीचे उतारा। नवविवाहिता के परिजनों को उत्तर प्रदेश सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर तहसीलदार जयेश प्रताप सिंह ने पैनल के साथ पोस्टमॉर्टम करवाया। लाश को परिजनों को सौंप दिया। शॉर्ट पोस्टमॉर्टम मिलने के बाद परिजनों के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

#### पति पर गंभीर आरोप

नवविवाहिता के परिजन राम भद्र पांडये ने बताया कि नवविवाहिता और उसके पति आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था। एक कमरे में रह कर ये कैसे संभव है कि पत्नी फांसी पर लटक जाए और पति सोता रहे? हमारी ये मांग है कि पुलिस इस मामले की निष्पक्ष जांच करें। नवविवाहिता के पोस्टमॉर्टम में मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीथमपुर के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रौनक चंदेल ने बताया कि नवविवाहिता को करीब दो माह से ज्यादा का गर्भ भी था।

## घायल ने 17 दिन बाद तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के पलासिया में रहने वाले एक एसी मैकेनिक की गिरने से मौत हो गई। बताया जाता है कि वह खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहे थे। इस दौरान वह झटका खाकर गिर गए। उन्हें उपचार के लिये एमवाय भेजा गया। यहां उनकी 17 दिन बाद मौत हो गई। पलासिया पुलिस के मुताबिक घटना बड़ी ग्वालटोली इलाके की है। यहां रहने वाले मोहन (40) पुत्र लक्ष्मण यादव को 1 जनवरी 2023 को उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया। गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। मोहन को झटके आते थे। 1 जनवरी के दिन वह सुबह घर से खाना खाकर निकले ओर रास्ते में गिरने से घायल हो गए। परिवार को अस्पताल से सूचना मिली। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक मोहन के माता-पिता की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। मोहन ने शादी नहीं की थी। परिवार में बड़े भाई हैं जो बीमार है। मोहन उनके साथ ही रहते थे। पुलिस के मुताबिक मोहन के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## सडक़ हादसे में दो बाइक सवारों की मौत

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र थाना अंतर्गत नेमावर रोड में शुक्रवार दोपहर सडक़ हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक एक बड़े वाहन और बाइक के बीच भिड़ंत होने से यह हादसा हुआ है। हादसे कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक सवार लोगों को तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। जिसके बाद बाइक सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों के साथ-साथ टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

## पुलिसकर्मियों के घर जाने पर प्रतिबंध

### ◆24 घंटे थाने में रुकने के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 22 जनवरी को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। संवेदनशील क्षेत्रों में इंटेलिजेंस और क्राइम ब्रांच को लगाया गया है। सभी पुलिसकर्मियों को घर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक थाने में रुकने के आदेश जारी हुए हैं।**



पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर के मुताबिक, इंदौर के प्रत्येक क्षेत्रों में मंदिरों में आयोजन हो रहे हैं। शुक्रवार को थाना प्रभारियों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था संभालने के बारे में समझाया गया है। मंदिरों में भीड़ बढऩे की संभावना को देखते हुए तय किया गया कि आने और जाने के लिए अलग अलग रास्ते बनाए जाएं। प्रबंधन और पुजारियों को उचित व्यस्था करने के लिए कहा है। शहर में कई जगहों पर शोभायात्रा और कथाओं के आयोजन भी होंगे। ऐसे में पुलिस को 24 घंटे उपलब्ध रहना आवश्यक है। बल की कमी को देखते हुए 21 जनवरी की शाम से थाना प्रभारी सहित सभी पुलिसकर्मियों को थाने पर रुकने के निर्देश दे दिए हैं।

## शहर के कई बाजार हुए राममय, मंदिर प्रतिकृति और भगवा पताकाओं से सज रहे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली राममंदिर के लोकार्पण का उत्साह इंदौर में भी नजर आ रहा है। घरों से लेकर बाजारों तक सजावट का सिलसिला चलने लगा है। शहर के आधुनिक मॉल हो या परंपरागत बाजार। सभी भगवामय होने लगे हैं। बाजारों में राम मंदिर की प्रतिकृति के सेल्फी पाइंट बन रहे हैं। 22 जनवरी को शहर में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम भी रखे गए हैं।**

शहर के सी-21 शॉपिंग मॉल, फीनिक्स मॉल, मल्हार मॉल में राम मंदिर की प्रतिकृति रखी गई है। सी-21 मॉल में एक बड़ी स्क्रीन भी लगाई गई है। जिस पर अयोध्या शहर, राम मंदिर दिखाया जा रहा है। 22 जनवरी को समारोह का प्रसारण भी होगा।

शहर के क्लॉथ मार्केट, मारोठिया, बर्तन बाजार, रानीपुरा में भगवा पताकाएं लहराने लगी हैं। सड़क किनारे कई क्षेत्रों में भगवा झंडे लोग बेच रहे हैं। लोग अपने घरों में झंडे लगाने के लिए खरीद रहे हैं।

दशहरा मैदान पर हजारों बच्चों ने भगवान राम की पेंटिंग बनाई। रामचरित्र मानस पर आधारित इस पेंटिंग के अलावा नाटकों को मंचन भी हुआ। भगवान राम के जीवन से जुड़ी प्रदर्शन भी यहां लगाई गई। संस्था सार्थक ने सरयू नदी के पानी और अयोध्या की मिट्टी से अगरबत्ती बनाई। जो 36 घंटे तक खुशबू बिखेरेगी।

उधर राजवाड़ा पर झंडे की दुकानों की बिक्री भी बढ़ गई है। रोज दस हजार से ज्यादा झंडे बिक रहे हैं। 30 रुपये से लेकर 300 रुपये तक के झंडे लोग खरीद रहे हैं। इसके अलावा मंदिर की प्रतिकृति के छोटे कटआउट की भी डिमांड ज्यादा है।

## मनचले को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा

### महिला को कर रहा था ब्लैकमेल; पकडक़र पैदल ले गए थाने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** किशनगंज में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक युवक को महिला के साथ पकड़ा। युवक महिला को संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल कर रहा था। जानकारी मिलने के बाद कार्यकर्ता गुरुवार को वेटनरी कॉलेज के सामने एक मकान में पहुंचे। यहां युवक-महिला को ब्लैकमेल कर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था।कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़ा, उसे पैदल किशनगंज थाने ले गए।

मामले की जानकारी लगते ही किशनगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची। किशनगंज थाने में युवक के खिलाफ स्नढ्ढक्र की गई है। 30 वर्षीय आरोपी सद्दाम केवटी गांव का रहने वाला है। इस मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम ठाकुर, सोनू पटेल जिला सहसंयोजक, महू नगर अंकित बरोरे, पपुलकित मिश्रा, पप्पू दूधिया, अक्षय, विजय सोलंकी, शोभित आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## छात्रों के दो गुटों के बीच हुई लड़ाई, जमकर चले पत्थर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के ढ्ढश्वङ्ख परिसर में शुक्रवार शाम 5 बजे दो गुटों के बीच जमकर लड़ाई हो गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान विद्यार्थियों के बीच चाकूबाजी भी हुई, जिसमें एक छात्र के घायल होने की सूचना है। इस पूरे मामले का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें छात्रों को आपस में भिड़ते और बाउंड्री के बाहर से पत्थर चलाते हुए देखा जा सकता है। परिसर में हुई इस घटना ने अनुशासन और प्रशासन की विफलता को दर्शा दिया है। इस मामले को अनुशासन समिति ने अपने संज्ञान में लिया है। सूचना के मुताबिक सन्तुल वर्मा नामक छात्र से प्रथम वर्ष के ऋतिक सिंह की लड़ाई हुई थी। इस घटना में ऋतिक सिंह चाकू लगने की वजह से घायल होने की भी सूचना मिली है। वहीं विश्वविद्यालय द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां तक इसके बारे में भंवरकुआं थाना पुलिस को भी कोई जानकारी नहीं है। कालेज प्रशासन का कहना है कि छात्रों के बीच आपसी झगड़ा हुआ था, जिसे हल कर दिया गया है।

## तलवार हाथ में लेकर नाचे नेता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में रहने वाले एक बीजेपी के युवा मोर्चा के नेता ने अपने रिश्तेदार के बर्थ डे पर ना सिर्फ तलवार से केक काटा बल्कि तलवार लेकर नाचे भी। उन्होंने अपने ही सोशल मीडिया अकाउंट पर यह वीडियो शेयर किया है। हालांकि की पुलिस को अभी इस मामले में जानकारी नहीं है। भंवरकुआ इलाके के रिंग रोड पर राऊ के भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभम कुशवाह का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो गुरुवार रात का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि एक पार्टी में बीजेपी युवा मोर्चा के हरिओम के बर्थडे पर तलवार से केक कटवाया। इसके बाद बॉलिवुड के गानों पर हाथ में तलवार लेकर जमकर डांस किया। इसके बाद ये वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। क्राइम ब्रांच और इंदौर पुलिस सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शन करने ओर वीडियो बनाने पर पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। यह वीडियो भंवरकुआ थाने से कुछ ही दूरी का बताया जा रहा है।

महाकालेश्वर मंदिर में तैयार लड्डू प्रसादी अयोध्या रवाना

# सीएम डॉ. यादव बोले- उज्जैन-अयोध्या का संबंध 2000 साल पुराना, निमंत्रण ठुकराने वाले अभागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर के 5 लाख लड्डुओं की प्रसादी सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अयोध्या भेजी। उन्होंने लड्डू प्रसादी के पांच कंटेनरों से भोपाल के मानस भवन से भगवा झंडी दिखाई। ये कंटेनर श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति ने गुरुवार देर रात भोपाल भेजे थे। ये लड्डू प्रसादी 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में वितरित की जाएगी। सीएम ने रामगोपाल सोनी की किताब अयोध्या का विमोचन भी किया**




सीएम ने कहा, जब भी घर से निकलें तो ओम नमः शिवाय का स्मरण करें तो काम पूरे होते हैं। ये प्रसादी भगवान राम के यहां जा रही है। उज्जैन और अयोध्या का संबंध दो हजार साल पुराना है। मुझे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ जी ने बताया था कि ये भौगोलिक स्वरूप विक्रमादित्य के काल से है। ये मंदिर सम्राट विक्रमादित्य द्वारा बनवाया गया है। ऐसे उज्जैन और अयोध्या का संबंध बनाने का काम किया गया था। 500 साल के संघर्ष के बाद मंदिर बन रहा है।

सीएम डॉ. यादव ने कहा, पीएम मोदी जी ने कहा कि अयोध्या एक साथ नहीं आना है, लेकिन जब हमारे प्रदेश का नंबर आएगा तो हम जाणता राजा महानाट्य का मंचन करते हुए अयोध्या जाएंगे।

### बोले- निमंत्रण ठुकराते हैं, भगवान सद्बुद्धि दें

सीएम ने अयोध्या का निमंत्रण अस्वीकार करने वालों के लिए कहा- 500 साल बाद भगवान राम अपने गर्भगृह में पधार रहे हैं। वे कई संघर्षों के दौर से गुजरे हैं। आज कई आत्माएं ढूंढती हैं उनको। भगवान सद्बुद्धि प्रदान करें। मंदिर बनाने वाले मंदिर बना रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले प्राण प्रतिष्ठा करा रहे हैं। इनको प्रेम से निमंत्रण दो तो उसे भी ठुकराते हैं। ऐसे अभागे कौन हो सकते हैं। एक बड़े दल का नेतृत्व करते हैं। भगवान उनको सद्बुद्धि दें। हो सकता है 22 तारीख तक सद्बुद्धि आ जाए।

### कड़ी सुरक्षा में अयोध्या तक पहुंचेंगे कंटेनर

समिति द्वारा अयोध्या भेजे जाने वाले 5 लाख लड्डू प्रसाद के कंटेनर कड़ी सुरक्षा में अयोध्या तक पहुंचेंगे। पूरी तरह से कवर्ड कंटेनरों में ताला लगाया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की देखरेख में मंदिर के कुछ कर्मचारियों को इन कंटेनरों के साथ जाएंगे। प्रसाद के सभी पैकेट अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण समिति को सौंपे जाएंगे।

# बदमाश की गोली से हेड कॉन्स्टेबल की मौत

### सिवनी में अपराधियों को पकड़ने गई थी पुलिस टीम, नागपुर के अस्पताल में तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी। सिवनी में गुरुवार रात अपराधियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर फायरिंग हो गई। गोली हेड कॉन्स्टेबल को लगी। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नागपुर रेफर किया गया, यहां सुबह करीब 5 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।**

डूंडा सिवनी थाना पुलिस गुरुवार रात करीब 10 बजे अलग-अलग अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ कर रही थी। पुलिस टीम छिंदवाड़ा बायपास क्षेत्र में गई थी। इसी दौरान एक अपराधी ने टीम पर फायरिंग कर दी। एक गोली हेड कॉन्स्टेबल राकेश ठाकुर को लगी। वे गंभीर घायल हो गए।

एसडीओपी पुरुषोत्तम मरावी ने बताया, गोली हेड कॉन्स्टेबल के हार्ट की तरफ कमर के ऊपर लगी थी। नागपुर में उनका उपचार चल रहा था। सुबह लगभग 5 बजे उनकी मौत हो गई। नागपुर में पोस्टमॉर्टम के बाद दोपहर में उनका शव सिवनी लाया जाएगा। यहां केवलारी के डोभ ग्राम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम संस्कार में जबलपुर जोन के आईजी उमेश जोगा और छिंदवाड़ा रेंज के डीआईजी सचिन अतुलकर शामिल होंगे।

एसपी राकेश कुमार सिंह ने बताया, पुलिस की टीम चार आरोपियों को पकड़ने गई थी। टीम ने तीन आरोपी जनक सिंह, प्रवीण वैष्णव, गुलशन को पकड़ लिया था। चौथे आरोपी सद्दाम ने साथियों को बचाने के लिए गोली चला दी। इनमें हेड कॉन्स्टेबल राकेश ठाकुर घायल हो गए। गोली चलाने वाला सद्दाम मौके से फरार हो गया है। बाकी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।

एसपी ने बताया कि सिवनी में चोरी की वारदात करने वाले अपराधियों का ठिकाना डूंडा सिवनी थाना कसगेटर के बायपास में है। जानकारी मिलने के बाद डूंडा सिवनी पुलिस उनके पीछे गई। छिंदवाड़ा रोड स्थित लखनवाड़ा थाना पुलिस को भी अवगत करा दिया था। यहां लखनवाड़ा थाने की टीम ने नाकाबंदी कर दी। लखनवाड़ा पुलिस को देखकर आरोपी इनोवा वाहन से वापस लौट गए। इसके बाद डूंडा पुलिस ने कार्रवाई की।

पुलिस की टीम में हेड कॉन्स्टेबल राकेश ठाकुर, हेड कॉन्स्टेबल शेखर बघेल, कॉन्स्टेबल विनय चोरिया और कॉन्स्टेबल अजय बघेल शामिल थे। आरोपी जनक सिंह और सद्दाम भिंड जिले के मेहगांव के रहने वाले हैं। आरोपी प्रवीण वैष्णव और गुलशन मंडला जिले के नैनपुर के रहने वाले हैं।

### स्कूल में मारपीट पर काउंटर केस, अभाविप ने भी धरना दिया

**खंडवा।** शहर की एक निजी स्कूल में छात्र के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। मोघट थाना पुलिस ने फरियादी जतिन पिता राजेश टुंडलायत की शिकायत पर 294, 323 व अन्य में विजय साह पिता दर्शन साह नि.हरिगंज खंडवा सेंट जोन्स कांवेंट स्कूल पर मामला दर्ज किया है। वहीं फरियादी विजय साह पिता दर्शन साह नि. हरिगंज की शिकायत पर 294, 323, 506, 34 भादवि में राजेश टुंडलायत, तुषार टुंडलायत पिता गणेश टुंडलायत, सोमु पिता गणेश टुंडलायत तीनों नि. गाँधीनगर खंडवा पर मामला दर्ज किया है।

जावरा एसडीएम बोले- गर्व है मुझे हिंदू होने पर:कहा-

# मंदिर बन रहा, जीभर के पटाखे फोड़िए, कोई पॉल्यूशन नहीं होता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह आम लोगों के साथ ही शासकीय अधिकारियों में भी है। रतलाम जिले के जावरा एसडीएम अनिल भाना ने कहा, गर्व है मुझे हिंदू होने पर, गर्व है मुझे राम राज्य की स्थापना होने पर, गर्व है मुझे मंदिर बनने पर।

एसडीएम ने कहा, पिछली सात पीढ़ियां जो देख नहीं पाईं, वह हम देखेंगे। मैं चाहता हूं दीपावली फीकी पड़ जाए 22 तारीख के आगे। हमने 250 लोगों को पटाखों के लाइसेंस जारी किए हैं। जीभर के पटाखे फोड़िए। कोई पॉल्युशन नहीं होता। सदी का सबसे बड़ा इवेंट है।

दरअसल, जावरा में श्री गीता भवन ट्रस्ट के तत्वावधान में 84वां गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। राष्ट्रसंत नमन वैष्णव श्रीराम कथा सुना रहे हैं। इसी कार्यक्रम में एसडीएम अनिल भाना पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपनी बात रखी।

### बोले- ये शासकीय कार्यक्रम है

एसडीएम ने कहा कि हमने कोशिश की है कि एलईडी भी लगाएंगे। पूरा शहर अलग रंग में नजर आएगा। मेरी विधायक जी से बात हुई है। बैठक रखने के लिए कहा है। हमने भी कहा कि कोई कसर नहीं रखेंगे। आप चिंता ना करें। यह शासकीय कार्यक्रम है। सांस्कृतिक कार्यक्रम है। राष्ट्रीय व धार्मिक कार्यक्रम है। हमारा कार्यक्रम है। हम इस कार्यक्रम को जैसे होली, दीपावली, 15 अगस्त, 26 जनवरी मनाते हैं उसी तरह से आन-बान-शान से मनाएं।

### सब बिल आज से स्वीकृत

उन्होंने जनता के बीच आयोजन समिति से भी कहा कि मैं आपसे उम्मीद करता हूं हर मंदिर में दीये जलें। हर मंदिर की साफ-सफाई हो। पिपलौदा व जावरा तहसील के जितने भी मंदिर हों साफ-सफाई हो। पूजा अर्चना हो। जितने शासकीय मंदिर हैं, जिनके भी बिल आएंगे उनके बिल आज से स्वीकृत समझें।

एसडीएम के जनता के बीच इस अंदाज में बात रखने के बाद उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसडीएम की इस कार्यशैली व प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कही बातों को लेकर उनकी तारीफ की जा रही है। अभी तक इस अंदाज में किसी भी अधिकारी ने इतना खुलकर कोई बयान या अपनी बात नहीं रखी है।

# जमानत पर था एएसआई को कुचलने वाला

### एसपी बोले- सिरफिरा है, चोरी के मामले में एक हफ्ते पहले ही जेल से छूटा है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में एएसआई को बोलेरो से रौंदने वाला आरोपी जमानत पर जेल से छूटकर आया था। एसपी विनायक वर्मा ने बताया, आरोपी पर अमरवाड़ा थाने में ट्रैक्टर चोरी का केस दर्ज है। इसी मामले में एक सप्ताह पहले ही जेल से छूटा था। उस पर नरसिंहपुर में गांजा तस्करी और एक्सीडेंट की एफआइआर भी दर्ज है।**



एसपी विनायक वर्मा ने बताया, आरोपी लोकजीत सिंह सिरफिरा है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त एएसआई नरेश शर्मा बगल में हट गए थे, इसके बाद भी आरोपी ने उनके ऊपर वाहन चढ़ाकर हत्या की। आरोपी करोड़पति है। वह गाडरवाड़ा का रहने वाला है। उसके परिवार के पास 50-55 एकड़ जमीन है।

**ये है पूरा मामला-** गुरुवार सुबह आरोपी लोकजीत सिंह मजदूरों को लेने परासिया गया था। इससे पहले छिंदवाड़ा में उसने पेट्रोल पंप पर बोलेरो वाहन में डीजल भरवाया और रुपए दिए बिना गाली-गलौज करते हुए भागने लगा। आरोपी नशे में था। पुलिस ने चेक पॉइंट लगाकर उसे पकड़ना चाहा। अरक नरेश शर्मा ने बोलेरो के सामने आकर रुकने को कहा, लेकिन आरोपी स्पीड कम करने की जगह बोलेरो चढ़ाते हुए भाग गया। कुछ दूरी पर जाकर बोलेरो वाहन पलट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

पुलिस का कहना है कि जिस समय आरोपी ने यह एक्सीडेंट किया वह पूरी तरह से होश में था। उसने जानबूझकर घटना को अंजाम दिया है। कलेक्टर मनोज पुष्प और एसपी विनायक वर्मा ने परोपकार निधि के तहत एक लाख रुपए की तत्काल सहायता राशि परिजन को सौंपी।

Bihar

# बेऊर जेल से वसूली का खेल; शूटर मंगाता रंगदारी, गर्लफ्रेंड के खाते में गिरती रकम, अब प्रेमिका पर आफत

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर की बेऊर जेल में बंद शातिर ने शहर के कई व्यवसायियों से रंगदारी मांगी है। वह रंगदारी की रकम पटना की महिला के खाते में मंगवाता था। बेला के व्यवसायी राम प्रसाद से दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पटना सिटी से गिरफ्तार अनिता देवी से पूछताछ में इसका खुलासा हुआ है। एएसपी नगर अवधेश दीक्षित ने बताया कि रंगदारी मांगने में महिला को गिरफ्तार किया गया है। रंगदारी बेऊर जेल से मांगी गई थी। अनिता ने अपने नाम से सिम लेकर शातिर सिकेंदर राय को उपलब्ध कराया था। इसी नंबर से व्यवसायी से दो लाख रंगदारी मांगी गई थी। सिकेंदर राय को रिमांड पर ले पूछताछ की जाएगी। इसको लेकर थानेदार को निर्देश दिया गया है।



एएसपी ने बताया कि मामले में गठित विशेष टीम ने अनुसंधान शुरू किया। जिस नंबर पर व्यवसायी ने ऑनलाइन पेमेंट भेजा, उसको खंगालने पर खाता अनिता देवी के नाम का मिला। वह पटना सिटी की रहने वाली है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसे घर से दबोच लिया। उसके खाता पर व्यवसायी के 25 हजार रुपये ट्रांसफर की पुष्टि हुई है। पहले भी वह रंगदारी के पैसे खाते में मंगवा चुकी है। सिकेंदर के कोर्ट पहुंचने पर वह रुपये देती थी। अनिता ने पूछताछ में शातिर सिकेंदर से 2014 में संपर्क में आने की जानकारी दी। सिकेंदर पहले महिला के गांव में मजदूरी करता था। इस दौरान जान पहचान हुई। कुछ दिन बाद दोनों रिलेशन में रहने लगे। शातिर ने उसे हाजीपुर में जमीन खरीदने का लालच दिया,

Jammu

## कोहरे में घुसपैठ की आशंका, सीमा पर बढ़ी निगरानी; प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस के लिए भी सुरक्षा कड़ी

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में घने कोहरे के बीच सीमा पर घुसपैठ की आशंका बढ़ गई है। इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों ने एलओसी और आईबी पर निगरानी बढ़ा दी है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर भी जम्मू शहर के साथ अन्य इलाकों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की स्पेशल ब्रांच के कर्मियों को तैनात किया गया है। रघुनाथ मंदिर समेत तमाम प्रमुख मंदिरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जबकि एलओसी से लेकर बॉर्डर तक हाई अलर्ट है। पुलिस ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर सुरक्षा कवच तैयार किया है, लेकिन घना कोहरा चुनौती बन गया है। सीमांत क्षेत्रों में बॉर्डर पर इस समय विजिबिलिटी न के बराबर है। जानकारी के अनुसार अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। ऐसे में माहौल खराब न हो, शरारती तत्व तनावपूर्ण स्थिति न बनाएं, इसके लिए गुज्जर नगर, जानीपुर, बनतालाब, बठिंडी, सिद्ड़ा, बेलीचराना में स्पेशल ब्रांच के कर्मी नजर रख रहे हैं। सीमा पार से कठुआ, सांबा और जम्मू में घुसपैठ की साजिश है। ऐसी जानकारी है कि आईएसआई ने कार्यक्रम में खलल डालने के लिए आतंकी संगठनों पर घुसपैठ का दबाव बनाया है। इसके चलते बीएसएफ की ओर से बॉर्डर पर हाई अलर्ट किया गया है। डीआईजी जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज शक्ति पाठक की अध्यक्षता में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व गणतंत्र दिवस को लेकर ठोस सुरक्षा रणनीति बनाई गई है। जिला पुलिस लाइन में पाठक ने जम्मू के एसएसपी से लेकर पुलिस चौकी अफसर तक के साथ बैठक की। जोर देकर कहा गया कि दोनों ही आयोजन अति महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण हैं। इसलिए सतर्क रहें। शहर में आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखें, होटलों की जांच करें, नाके बढ़ाएं, भीड़भाड़ के क्षेत्र में निगरानी रखें, कहीं पर जाम की स्थिति न बनने दें।

New Delhi

## हिंदू सेना ने दिल्ली में बाबर रोड का नाम बदला, लिख दिया अयोध्या मार्ग

**नई दिल्ली, (एजेंसी) अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य यजमान हैं। इस बीच अयोध्या से सैकड़ों किमी दूर नई दिल्ली में हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बाबर रोड का नाम बदलकर अयोध्या मार्ग कर दिया है। उन्होंने होटल ललित के बाहर लगे बोर्ड पर अयोध्या मार्ग का बैनर चिपका दिया। बैनर भगवा रंग से रंगा हुआ है।**

आपको बता दें कई मौकों पर दिल्ली की इस सड़क का नाम बदलने की मांग उठती रही है। इससे पहले कई सड़कों के नाम भी बदले गए हैं। औरंगजेब रोड का नाम बदलकर डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम रोड कर दिया गया था।

बीजेपी नेता विजय गोयल ने दिल्ली में 'बाबर रोड' का नाम बदलने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि बाबर ने भारत पर हमला किया और अयोध्या में राम मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। इसलिए भूमि पूजन से पहले सड़क का नाम बदलकर '5 अगस्त मार्ग' रखा जाना चाहिए।

Rajasthan

## कुत्ते पीछे पड़े तो रेलवे ट्रेक पर पहुंच गए भाई-बहन, तभी आ गई ट्रेन, दोनों की मौत, स्कूल से लौटते समय हुई घटना

**जोधपुर, (एजेंसी) राजस्थान में जोधपुर के माता का थान इलाके में स्कूल से लौट रहे भाई बहन कुत्तों से बचने के चक्कर में रेलवे ट्रेक पर पहुंच गए. इस दौरान ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई. घटना की जानकारी के बाद बच्चों के परिजन मौके पर पहुंचे. शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया. सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की.**

जानकारी के अनुसार, बनाड़ के रहने वाले अनन्या और युवराज सिंह आर्मी चिल्ड्रन एकेडमी में पांचवीं और सातवीं क्लास में पढ़ते थे. दोनों अपने अन्य तीन साथियों के साथ स्कूल से घर लौट रहे थे. उसी दौरान रास्ते में कुछ कुत्ते पीछे पड़ गए, जिससे बच्चे डरकर भागने लगे. भागते-भागते तीन बच्चे रेलवे ट्रैक (railway track) पर पहुंच गए.

इस दौरान पटरी पर ट्रेन आने से अनन्या और युवराज मालगाड़ी की चपेट में आ गए और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई. अनन्या और युवराज रिश्ते में भाई बहन हैं. हादसे की जानकारी मिलने पर बच्ची अनन्या के पिता प्रेम सिंह व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे. परिजनों ने देखा तो बिलख पड़े और चीख पुकार मच गई.घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई. सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया. युवराज के पिता मदन सिंह कर्नाटक में बिजनेस करते हैं.

खेल

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 10 विकेट से रौंदा

## हेड का शानदार फॉर्म जारी, बने प्लेयर ऑफ द मैच

**एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने अपनी पहली पारी में 188 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 283 रन बनाए और 95 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की टीम 120 रन पर सिमट गई और ऑस्ट्रेलिया को 26 रन का लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने 10 विकेट रहते हासिल कर लिया। ट्रेविस हेड को पहली पारी में उनके शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दो टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त ले ली है। अब दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में 25 जनवरी से खेला जाएगा।**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम के बैटर कुछ खास नहीं कर सके। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट 13 रन, तेजनारायण चंद्रपॉल छह रन, एलिक एथनाजे 13 रन, केवम हॉज 12 रन, जस्टिन ग्रीव्स पांच रन, जोशुआ डा सिल्वा छह रन, अल्जारी जोसेफ 14 रन, गुडाकेश मोती एक रन और शामार जोसेफ 36 रन बनाकर आउट हुए थे। कर्क मैकेंजी ने 50 रन की पारी खेली। वहीं, केमार रोच 17 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस ने चार-चार विकेट लिए। वहीं, मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन को एक-एक विकेट मिला।



जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 283 रन पर खत्म हुई। पहली बार ओपनिंग करने उतरे स्टीव स्मिथ 12 रन, उस्मान ख्वाजा 45 रन, मार्नस लाबुशेन 10 रन, कैमरन ग्रीन 14 रन, मिचेल मार्श पांच रन, एलेक्स कैरी 15 रन, मिचेल स्टार्क 10 रन, कप्तान पैट कमिंस 12 रन और नाथन लियोन 24 रन बनाकर आउट हुए। ट्रेविस हेड ने 134 गेंद में 12 चौके और तीन छक्के की मदद से 119 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया को 95 रन की बढ़त मिली। वेस्टइंडीज की ओर से डेब्यू कर रहे शामार जोसेफ ने पांच विकेट झटके। वहीं, केमार रोच और जस्टिन ग्रीव्स को दो-दो विकेट मिले। अल्जारी जोसेफ ने एक विकेट लिया। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 120 पर खत्म हुई। ब्रेथवेट एक रन और चंद्रपॉल-अथानाजे खाता भी नहीं खोल सके। कर्क मैकेंजी 26 रन, केवम हॉज तीन रन, ग्रीव्स 24 रन, जोशुआ डा सिल्वा 18 रन, अल्जारी जोसेफ 16 रन, मोती तीन रन और जोसेफ 15 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड पांच विकेट और स्टार्क-लियोन ने दो-दो विकेट लिए। ग्रीन ने एक विकेट लिया। 26 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। ख्वाजा नौ रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। स्टीव स्मिथ 11 रन और लाबुशेन एक रन बनाकर नाबाद रहे।

सिनेमा

## 2 बार झेला तलाक का दर्द, बच्चों की अकेले परवरिश पर छलका एक्ट्रेस का दर्द



एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल टीवी और बॉलीवुड का जाना-माना नाम रही हैं. 'कोयला' और 'बादशाह' जैसी फिल्मों में दीपशिखा ने काम कर पहचान बनाई थी. इसके बाद उन्हें 'सोन परी', 'सुराग' और 'कशमकश जिंदगी की' जैसे टीवी शोज में भी देखा गया. इंडस्ट्री में काम करते हुए उन्हें 30 साल पूरे हो चुके हैं. दीपशिखा बचपन से ही फिल्मी दुनिया से जुड़ी हुई थीं लेकिन सही गाइडेंस ना मिलने के चलते बड़ा करियर नहीं बना पाई. ऐसा उन्होंने खुद अपने एक इंटरव्यू में कहा. इसी बातचीत में उन्होंने अपनी शादी और तलाक को लेकर भी खुलकर बात की.

दीपशिखा नागपाल ने 1997 में अपनी पहली शादी की थी. उनके पति जीत उपेंद्र संग शादी से पहले उनकी अच्छी दोस्ती हुआ करती थी. दीपशिखा ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि उन्होंने शादी लोगों के प्रेशर में आकर, जल्दबाजी में की थी. एक्ट्रेस ने बताया कि उस समय में ऐसा होता था कि लोग कहते थे 'तुम 20 साल की हो गई हो अब शादी के बारे में सोचो.' उनकी अच्छी दोस्ती दीप से थी तो उन्होंने उन्हीं से शादी का फैसला किया. हालांकि दूसरे ही दिन उन्हें समझ आ गया था कि उनसे गलती हो गई है. फिर भी उन्होंने उस शादी को 8 सालों तक चलाया.

## संपादकीय

### आतंकवाद पर आमने- सामने

दावोस में ईरान के विदेश मंत्री जब पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री से मिले तो दोनों ने इसी मसले पर बातचीत की। मगर उसके एक दिन बाद ही ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके में हमला कर दिया। उसके जवाब में दो दिन बाद पाकिस्तान ने भी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान वाले इलाके में गोले दाग दिए। दोनों का दावा है कि उन्होंने उन इलाकों में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के मकसद से हमला किया, उनका लक्ष्य नागरिक ठिकाने कतई नहीं थे। हालांकि मीडिया रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन हमलों में दोनों तरफ के नागरिक भी मारे गए और घायल हुए हैं। हालांकि पाकिस्तान और ईरान के बीच विवाद नया नहीं है। दोनों के बीच करीब नौ सौ किलोमीटर की साझा सीमा है, जिसके दोनों तरफ बलूच समुदाय के लोग रहते हैं और वे दोनों मुल्कों के खिलाफ हैं। वे अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। उन इलाकों में सक्रिय आतंकवादी संगठन दोनों देशों पर हमले करते रहे हैं। पिछले महीने ही जैश अल-अदल आतंकी संगठन ने ईरान के सुरक्षा बलों पर हमला किया था, जिसमें ग्यारह ईरानी पुलिस मारे गए थे। इसी तरह पाकिस्तान पर भी अलगाववादी हमले करते रहे हैं। ईरान का कहना है कि उसके खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों के ठिकाने पाकिस्तान वाले इलाके में हैं। इसलिए उसने उन पर हमला किया। पाकिस्तान ने भी इसी तर्क पर ईरान की जमीन पर हमला किया। जबकि हकीकत यह है कि ईरान के हमले के बाद पाकिस्तान के लोगों में खासी नाराजगी उभरी थी और चुनाव के माहौल में वहां की सरकार उस हमले को नजरअंदाज नहीं कर सकती थी। उसने ईरान पर जवाबी हमला कर दिया। हालांकि अगर दोनों का मकसद आतंकवादी समूहों पर काबू पाना होता, तो साझा रणनीति के तहत आगे बढ़ते। मगर ईरान की मंशा इससे बिल्कुल अलग है। पाकिस्तान पर हमले से पहले उसने इराक और सीरिया की जमीन पर भी गोले दागे थे। इससे साफ है कि वह उस इलाके में अपना वर्चस्व कायम करना चाहता है। विचित्र है कि दोनों देश आतंकवाद के सफाए के नाम पर एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े हो गए हैं, जबकि ये खुद दूसरे देशों में आतंकवाद को बढ़ावा देते रहे हैं। पाकिस्तान की भारत को अस्थिर करने की कोशिशें छिपी नहीं हैं। ईरान को अपने खिलाफ सिर उठाने वाले बलूच विद्रोही तो पसंद नहीं, पर वह खुद इजराइल के खिलाफ लड़ रहे हिजबुल्ला और यमन में होथी विद्रोहियों का खुला समर्थन करता है। ईरान और पाकिस्तान के बीच ताजा हमलों से पैदा तनाव बेशक कुछ समय में सामान्य हो जाए, पर अमेरिका और इजराइल की नाराजगी उसके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। आतंकवाद को लेकर दो तरह का नजरिया नहीं हो सकता। जब तक ये दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ साफ मन से मैदान में नहीं उतरते, तब तक बलूचिस्तान में धधक रही आतंकवाद की आग पर काबू पाना उनके लिए कठिन बना रहेगा।

# ज्ञानी बालक और राजा



कई वर्षों पहले की बात है। युधिष्ठिर नाम का एक राजा हुआ करता था। उसे शिकार का बड़ा शौक था। एक बार वह अपने सैनिकों के साथ शिकार के लिए जंगल गया हुआ था। वो जंगल काफी घना था। शिकार की तलाश में वह जंगल में काफी अंदर तक चला गया था। तभी वहां अचानक तेज तूफान आ गया। सब तितर-बितर हो गए। जब बारिश रुकी तो राजा ने देखा कि उसके आस-पास कोई भी नहीं है। राजा अकेला था। उसके सैनिक उससे बिछड़ गए थे।

शिकार की तलाश में भटकने की वजह से राजा थक भी गया था। भूख और प्यास के मारे उसका बुरा हाल हो रहा था। तभी उसे तीन लड़के आते दिखे। राजा उनके पास गया और बोला कि भूख और प्यास के मारे मेरी जान निकल रही है। क्या मुझे कुछ खाना और पानी मिल सकता है। लड़कों ने बोला क्यों नहीं और वे भागकर अपने घर गए और राजा के लिए भोजन और पानी लेकर आए। खाना खाने के बाद राजा बहुत खुश हुआ और उसने उन लड़कों को बताया कि वह फतेहगढ़ का राजा है और तीनों ने जो उसकी मदद की उससे वह बहुत खुश है।

राजा ने तीनों लड़कों की सेवा से खुश होकर उन्हें बदले में कुछ मांगने के लिए कहा। इसपर पहले लड़के ने राजा से ढ़ेर सारा धन मांगा, ताकि वह आराम से अपना जीवन व्यतीत कर सके। इसके बाद, दूसरे लड़के ने घोड़ा और बंगले की मांग की, लेकिन तीसरे लड़के ने राजा से धन, दौलत की जगह ज्ञान मांगा। उसने बोला राजा मैं पढ़ना चाहता हूं। राजा राजी हो गया। उसने पहले लड़के को वादानुसार बहुत सारा धन दिया। दूसरे लड़के को बंगला और गोड़ा दिया और तीसरे लड़के के लिए टीचर की व्यवस्था कर दी।

बहुत दिन बीतने के बाद एक दिन अचानक राजा को जंगल वाली घटना याद आई, तो उसने उन तीनों लड़कों से मिलना चाहा। उसने तीनों को खाने पर आमंत्रित किया। तीनों लड़के एक साथ आए और खाना खाने के बाद राजा ने तीनों से उनका हाल लिया।

इस पर पहला लड़का दुखी होकर बोला- इतना धन पाने के बाद भी आज मैं गरीब हूं। राजा जी आपने जितना धन दिया था अब वह खत्म हो चुका है। मेरे पास कुछ नहीं बचा।


राजा ने दूसरे लड़के की तरफ देखा तो उसने कहा- आपके द्वारा दिया गया गोड़ा चोरी हो गया और बंगला बेचकर जो पैसा आया वो भी कुछ खर्च हो चुका है और बचा हुआ भी जल्द खत्म हो जएगा। हम तो फिर वहीं आ गए, जहां से चले थे।

अब राजा ने तीसरे लड़के की ओर देखा। तीसरे लड़के ने बोला- राजा मैंने आपसे ज्ञान मांगा था, जो रोजाना बढ़ रहा है। इसी का नतीजा है कि मैं आज आपके दरबार में मंत्री हूं। आज मुझे किसी चीज की जरूरत नहीं है। यह सुनकर दोनों युवकों को काफी अपसोस हुआ।

### कहानी से सीख

इस कहानी से हमें सीख मिलती है कि ज्ञान ही सबसे बड़ी पूंजी है।

## रंग भरो



## Highlights

1. **VIDEO: Vistex Asia CEO Sanjay Shah Dies After Falling From Crane**
2. **In a first, woman officer to lead Air Force's march on R-Day**
3. **400-kg lock arrives in Ayodhya before Ram Temple event, pic surfaces**
4. **Kannada TV anchor hosts show on Lord Ram without wearing footwear**
5. **Rahul fined ₹500 for 881-day delay in reply to a defamation case**
6. **Sydney-based Indian woman abuses Delhi HC judge, contempt issued**

# Indian CEO of US-based firm falls to death at Ramoji Film City in Hyderabad

**NEW DEIHI, (Agency).** Sanjay Shah, CEO of a US-based private company, succumbed to his injuries and another official suffered serious injuries in an accident during the silver jubilee celebrations of the firm at Ramoji Film City in Hyderabad, police said on Friday.

Sanjay Shah, the CEO of the US-based software firm Vistex, and his colleague Raju Datla, the president of the firm, entered an iron cage, during celebrations on Thursday evening, intended to be lowered from a height. However, one side of the iron chain supporting the cage broke, leading to the fall of both individuals.

Vistex had arranged accommodations for its staff at Ramoji Film City and had planned a two-day celebration for its



silver jubilee. "Shah and Raju being lowered from the cage onto the dais was a planned event to kickstart the celebrations," a company official told The Times of India.

"Suddenly, one of the two wires attached to the cage snapped. Both plunged more than 15 feet and landed on the concrete dais. This caused multiple injuries," sub- inspector D Karunakar Reddy of Abdullapurmet police station told the newspaper.

They were rushed to the hospital, but Shah passed away while undergoing treatment, and his colleague is in serious condition, the police said. They added that a case was registered against the Film City event management authorities based on a complaint made by another company official.

Vistex is an Illinois-based firm specialising in revenue management solutions and services. With 20 global offices and more than 2,000 employees, the company serves leading brands such as GM, Barilla, and Bayer.

# 'Just doing my business, want it to become employer of choice': CEO on Cognizant 'poaching' from rival firms

**NEW DEIHI, (Agency).** Cognizant is just 'doing its business' and must become an 'employer of choice,' CEO Ravi Kumar S has said, making his first remarks on the company's 'poaching' of top-level executives from rival firms.

"I am just doing my business. I want to make Cognizant an employer of choice," Kumar told CNBC TV18 at the World Economic Forum (WEF) in Davos. He was responding to a question on Cognizant CFO Jatin Dalal, whose previous employer, Wipro, has sued Dalal over



'breach of contract,' seeking ₹25.15 crore in damages. Mohd Haque, another arrival at Cognizant from Wipro, too has been sued by the Rishad Premji-led giant. Kumar, meanwhile, said Cognizant is 'continuing to build on it,' on the question of there being more additions to its leadership team. "It's a constant process. I've always said it, right from day one, that my first choice is to look for people inside the company; if they fit the bill, I would like to make sure that they become an integral part of the leadership team. We're a phenomenal platform... our entrepreneurial spirit is priceless.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक